जोगिनी ग्रहै भंजै सुधर। रेनसीह साको करै॥
म्लेछांह म्लेछ धर भोगवै। इह निहंच हम उच्चरै॥
छं० ॥ ३ ॥

रावल जी का अपने पुत्र रतनसिंह को राज्य देकर निगम बोध की यात्रा के लिये तैयार होना।

दूहा॥ सभा करी रांवर समर। बैठे सूर सबान॥
निगम बोध भेटन सुतिय। चलियै दिल्ली थान॥
छं० ॥ ४ ॥

चित्रकोट गढ पट्ट कज। रावल पुत्र रतंन॥
नित्त सु रष्यिय हट्ठ करि। घन प्रमोधि परिजंन॥
छं० ॥ ५ ॥

कवित्त॥ समर सिंघ निज पट्ट। थप्पि रावल रतंनं॥
दोहित्ती सोमेस। अनष भरि कुंभ करन्नं॥
दष्यिन दिसि संक्रमिय। मिलि यह बसी पति साहं॥
विदुर नयर दिय पटें। रहिय अनुचरि तिहि ठाहं॥
वीराधि बीर बज्जाय षग। हनिय वन्न तन करि उतन॥
इह सुपन रयनि सहि चंद कहि। चलि पुमानगढं क॥
छं० ॥ ६ ॥

रावल जी का अपने मातहत रावतों को इकट्ठा करके देवराज को गढ रक्षा पर छोड़ना और पृथा सहित आप निगम बोध को कूच करना।

दूहा॥ सुरज कोट गढ पौलि सजि। नालि गोलि चिहुं तीस॥
तीरंदाज अभूल भर। रषि चोकी अहनीस॥
छं० ॥ ७ ॥

षटकोस परिमान गढ। ऊरध प्रयुलंबाब॥
सजल सरोवर कुंड भरि। झिरना झरन सुहाब॥
छं० ॥ ८ ॥

कवित्त ॥ तिहि बेरां तिहि काल। फटे कग्गर चावहिसि ॥
अब्बू गढ जालौर। गए आमद बूंदी दिसि ॥
ईंडर गढ गोडवारि। धरा उज्जैन धरज्जिय ॥
रिनथंभोर हराइ। सांढि चढि तेरह तात्तिय ॥
पब्बेर जौनि सिलहै पवंग। साज बाज सब दिष्षियै ॥
नीसान घाव बज्जे निहसि। कोंन चितोरह रष्षियै ॥
छं० ॥ ९ ॥

रष्षि थान देवराज। गढ़ चित्रकोट भलायौ ॥
सत्त सहस असवार। अट्ठ ग्रह जाप करायौ ॥
किय डेरा दश कोस। प्रिथा लीनी अप सथ्थह ॥
स्वाति सुकल पष तीज। चल्यौ रावर मनु पथ्थह ॥
हय सहस सथ्थ असवार हुअ। प्रस्थानौ अप्पन कस्यौ ॥
दस दिवस रष्षि प्रस्थान तें। करें फौजै रह संचर्यौ ॥
छं० ॥ १० ॥

रावळ जी की तैयारी और उनकी सेना के हाथी घोड़ों की सजावट का वर्णन।

पद्धरी। सजि चल्यो कटक रावर नरिंद। मानोंकि पथ्थ दुरजोध इंद ॥
पंचास हाथि सुंडाल सथ्थ। मैंमत्त चलैं जनु इन्द्र पथ्थ ॥
छं० ॥ ११ ॥

उम्भारि सुंड क्रौडंत तेह। मानों कि नाग वन मरुत लेह ॥
गढ़ पारि भारि पाहार गंम। गुंजरे भौंर पठ रत्ति भुम्म ॥
छं० ॥ १२ ॥

पगथंभ भावै तन मेर रूप। सुंडाल सेस तिन चढे भूप ॥
उप्पंम चंद किरनाल जोति। नव जटित नवग्रह जानि द्योति ॥
छं० ॥ १३ ॥

गिर भरन जा मद स्रवत जात। धज नेज भुम्म घुघ्घर भुरात ॥
पट डोरि कसन गजवागं साहि। उपरस्स भूल भमकंत ताहि ॥
छं० ॥ १४ ॥

ढाले सिंदूर सीसह सुलाल। मनु स्याम कूट डारी गुलाल।
तिन देषि शत्रु होवत विहाल। अरियट्ट भंजनह रूप काल॥
छं०॥ १५॥

आंतस चरिच अनभंग थान। गज थट्ट बट्ट गिरि चले जानि॥
तिन पुट्टि तुरी पष्षर समेत। रथ सूर जानि आनि सुहेत॥
छं०॥ १६॥

उंचास भास परबत समान। ढिल्लै पहार छत्तिय प्रमान॥
परगोस मधय पुट्ठीं सरोज। आछादि वस्त्र अनेक मौज॥
छं०॥ १७॥

घरि एक पलक पल प्रान पील। नाचंत नट मानौं असील॥
हाकंत सबद छुट्टंत वाय। हुंकरत तेज मुट्ठी समाय॥
छं०॥ १८॥

(१)अपंम जरित नग जीनं जोति। मानों कि सिद्ध उर प्रगटि द्योत॥
पष्षर समत जगमग पलान। मानों कि सघन महि डग्गि भान॥
छं०॥ १९॥

तुरकी ऐराक कच्छी बँगाल। हबसीय गोल नाचंत भाल॥
ताजी सँग्राम ते धुंधमार। पुञ्जैन वान मानै न सार॥
छं०॥ २०॥

अनेक जाति अनेक रूप। तिन चढ़े दिग्गवर जाति भूप॥
मानौं समंद सरिता हिलोर। मिलि आय जानि बरषा सजोर॥
छं०॥ २१॥

सजि समर फौज अप्पह समान। मानह, अषाढ जलहर प्रमान॥
* * * * * * * * छं०॥२२॥

कवित्त॥ है षुररज उच्छलिय। तिमिर विफुरिय धुंध परं॥
तरनि रंग रस मिलिय। घोर घुघ्घरिय रुहिर सर॥
चष्य जुअल संजरिय। कमल उल्लसिय विमल जल॥
पथिक पयंबल लहिय। मथन घस नेह तुभ्भ दल॥

(१) को.—उपंम।

जोवंति सिंघ अरिदल दमन। नह सुभ्भै करमाल कर॥
टल टलिय परिय कंपिय सघन। समर पयाना रंभ भर॥
छं० ॥ २३ ॥

रावलजी का आंबेर में डेरा डालना और जुव्वन गढ़ के रावत रनधीर का रावलजी का लश्कर लूटने को धावा करना।

कूच कूच करि पैर। प्रथा डोला दोइ सथ्थह॥
सत्त एक वाजिच। चले उमराव समथ्थह॥
किय डेरा आंमेर। कोस दोइ उप्पर कढ्ढियं॥
सहस तीस दोइ सथ्थ। जुव्वन गढ़ रायां हढ्ढिय॥
किन कही वत्त रावर समर। इह राजा चीतौर पति।
तब कही बत्त रन धीर भर। इह अलोच किज्जै सुमति॥
छं० ॥ २४ ॥

दूहा ॥ समर सिंघ रावर न्रपति। कटक लैह सब घेरि॥
जो सद्धौ चीतोर पति। तौ डेरा आंबेर॥ छं० ॥ २५ ॥
हुई[1] हुह हलहल हुई। छुटि गयंद मै मत्त॥
मानों प्रब्बत [2]धन सिषर। चले फौज अनुरत्त॥ छं० ॥ २६ ॥

विराज ॥ चढ्यौ मंगि बाजं। रिनं धीर राजं॥
चली फौज अग्गं। इला मग्ग भग्गं॥ छं० ॥ २७ ॥
अनंभी जुवानं। षंचै तोन बानं॥
हुए हीस बाजं। चवंदिस्सि गाजं॥ छं० ॥ २८ ॥
मनों अंग होरी। दिसा संधि धोरी॥
चढै अप्प अप्पं। मनों सिद्ध दप्पं॥ छं० ॥ २९ ॥
बजे षग्ग रालं। उड़ै दब्बि नालं॥
मनों तुट्टि तारं। लग्यौ सेस भारं॥ छं० ॥ ३० ॥
षहं लग्गि बानं। दब्यौ धूरि भारं॥
बजे सूर साजं। गयनं सु गाजं॥ छं० ॥ ३१ ॥

---

(१) मो.-कूह। (२) कृ. ए.-थन।

करे फौज तीनं । अगं चित्त दीनं ॥
घटा बंधि फौजं । धरा लेन मौजं ॥ छं० ॥ ३२ ॥

उक्त समाचार पाकर रावलजी का निज सेना सम्हालना ।

दूहा ॥ षबरि भई रावर समर । दोन्यौ पट्टन राय ॥
संड्यौ पहु प्रथिराज की । ज्यौं चिचकोट सुभाइ ॥ छं० ॥ ३३ ॥
कह्यौ आइ रावर समर । तब सिर लग्गी झार ॥
को रनधीरह बप्पुरौ । मो सों मंडै आल ॥ छं० ॥ ३४ ॥
फौज फौज सिलहों सजी । । षह गज्जें घनघोर ॥
कुरिय अप्प रावर चव्यौ । भयौ कुलाहल सोर ॥ छं० ॥ ३५ ॥
छुट्टे षंभू थान ते । चले मत्त गजराज ॥
दधि फटक्कि फट्टकि गगन । उलटि सुभट जुध साज ॥ छं० ॥३६॥

रनधीर का अपनी सेना को चक्रव्यूह रच कर रावलजी की सेना को घेर लेना ।

कवित्त ॥ चक्रव्यूह रन धीर । सहस दस बीसं दोय सजि ॥
आडंबर बहु करिय । मनों पल्लव भद्रव गजि ॥
दंति सहस बर मत्त । फिरै चावद्दिसि बिंध्यौ ॥
चिचकोट कन्हा नरिंद । जानि जस सों जम जुध्यौ ॥
दंताल देत लग्गा भिरन । मानो कट्ट कबार किय ॥
बिच फौज रुक्कि रनधीर मुष । जानि बाज तीतर परिय ॥
छं० ॥ ३७ ॥

रावलमीर रनधीर का युद्ध, रनधीर का मारा जाना ।

भुजंगी ॥ उठे वीर 'बद्दे बके थान थानं । जगी जोग माया सुरं अप्प मानं ॥
जगे भूत वेताल भुसाल पद्दं । भिरे एक जामं बिहद्दं सु हद्दं ॥
छं० ॥ ३८ ॥
बजे तार रनतूर षग्गं उनंगं । तिनं वेर कन्हं रमै रोस रंगं ॥
षलक्कंत श्रोनं बहै रत्त धारं । सिरं हथ्थ ईसं उड़ै तुट्टि सारं ॥
छं० ॥ ३९ ॥

(१) मो.- वद्द ।

हहकंत कूदंत नंचै कमंधं। कडक्कंत बज्जंत छुट्टंत संधं ॥
'लहक्कंत लूटंत तूटंत भूभं। झुकंते धुकंते दोज बथ्थ झूमं ॥
छं० ॥ ४० ॥

दडक्कंत दीसंत पीसंत दंतं। करी कन्ह केली परे सूर पंतं ॥
गयौ कन्ह चालुक्क अग्गें उतंगं। रिनं धीर वाही लगे कंध षग्गं॥
छं० ॥ ४१ ॥

लगी नाग मुष्षी छती पुट्टि फारे। पर्यौ धीर षेतं सु चंदं उचारे॥
परे सेन चालुक्क सथ्थं समथ्थं। भरें अच्छरी आनि अन्नेक रथ्थं
छं० ॥ ४२ ॥

कँन्हा आय मुर्छा लग्यौ धारभारं। परे सत्त तोषार चिंतोर सारं॥
परे चालुकं सेन थट्टं सुघट्टं। परे सत्त तीनं बियं पानि लुट्टं ॥
छं० ॥ ४३ ॥

कवित्त ॥ पर्यौ सथ्थ रनधीर। भंजि सेना चालुक्की ॥
तीन सत्त धर परे। जानि लग्गी तन भूकी ॥
सौध्यौ रन सीसोद। कन्ह पट्टं बंधायं ॥
प्रथा कंत हुअ जैत। सषी मुगतान बंधायं ॥
दैदास सथ्थ अप्पन सुपर। बीस रोज मुक्काम किय ॥
जिन घाँव अंग लग्गे भरन। तिनह सीष चिचकोट दिय ॥
छं० ॥ ४४ ॥

संयोगिता के प्रधान का रांवलजी को दस कोस की पेशवाई देकर लेना और निगम बोध पर डेरा देना।

कन्ह लयौ अपसथ्थ। चले दरकूच महाभर ॥
कुसल हुई सब सथ्थ। गयौ जोगिन प्रथ्थावर ॥
संजोगिता प्रधान। आय संमुह दस कोसह ॥
कोस पंच सामंत। पुच्छि परिगह आलोचह ॥

(१) ए. कृ. को.-हलक्कंत ।

डेरा कराय तीरथ्थ तट। निगम बोध में थ्यौ तवह ॥
मुत्तिय बधायौ थाल भरि। करि आनंद ईंछिनि जबह ॥
छं० ॥ ४५ ॥

रावलजी का सब आदर सत्कार होना परंतु पृथ्वीराज तक उनकी अवाई की खबर तक न होना।

लई प्रथा मधि राज। सुधि न पाई प्रथिराजह ॥
तीन सत्त सुभ नारि। सषी मनमुत्ति सु साजह ॥
संजोगित परधान। दियौ सीधौ उमरावह ॥
सत्त तीन भरि छाव। चली कनवज्जनि धावह ॥
चौडोल केक रथके अरुहिं। बहिल केक तुरियन चढिय ॥
मानौं कि देव इंद्रानि लै। रूप भाग सबगुन बढिय ॥
छं० ॥ ४६ ॥

संयोगिता के यहां से दासियों का रावलजी के डेरे पर भोजन पान लेकर जाना।

दूहा ॥ करि मंजन रंजन बहुल। सुरंग अगर घन सार ॥
नवला अंजित नयन जुग। कनक षंभ मनितार ॥ छं० ॥४७॥
बस्त्र अनेक सुरंग तन। दमनक 'साथह लाय ॥
जरि जेहरि पाइन जरिय। सजि भूषन षोड़साय ॥ छं० ॥ ४८ ॥
लघुनराज ॥ रजंत भूषनं तनं। अलक्क छुट्टयं मनं ॥
सुचंद मुष्ष रागिनी। मनो बदन्न नागिनी ॥ छं० ॥ ४९ ॥
उवट्टनं स उज्जलं। सुरंग रत्ति मज्जलं ॥
सुधा सुसेत दिष्षही। सु रोमराइ पिष्षही ॥ छं० ॥ ५० ॥

(१) ए. कृ. को.-साषह।

मनो कि गंग भारथी। सुभान चक्र सारथी ॥
अभूषनं विराजयं। ग्रहंत रत्ति साजयं ॥ छं० ॥ ५१ ॥
पगं जराइ जेहरं। मनों कि भद्द मेहरं ॥
गढीस लग्ग सध्यही। सुपिंड पानि रथ्थही ॥ छं० ॥ ५२ ॥
सुमेषला सु कट्टयं। म्रगं सु राज घट्टयं ॥
ग्रहं नंषिच मंडयं। दुकेत राह छंडयं ॥ छं० ॥ ५३ ॥
जुहार कंठ सुभ्भई। सु मेर गंग षुभ्भई ॥
बेरष्य बाहु बंधयं। सु साष सेस गंधयं ॥ छं० ॥ ५४ ॥
जरित्त चूरि फुंदिनी। सुमेर ज्यौं फुनंदिनी ॥
विराज कंठ दोवरं। कि गंग मेर ओदरं ॥ छं० ॥ ५५ ॥
सुहष्य गुंथि बेनियं। कि दीपमाल रेनियं ॥
वरष्य अट्ठ अट्ठयं। सवक्क हंस तट्टयं ॥ छं० ॥ ५६ ॥
चढी चौडोल अंबरं। मनों कि मेघ घुम्मरं ॥
चली सु अग्ग पच्छयं। इंद्रानि जानि कच्छयं ॥ छं० ॥ ५७ ॥
पचीस छाव अंबरं। असीस सुक्कली भरं ॥
मिष्टान छाब सट्टयं। अनेक रंग मिट्ठयं ॥ छं० ॥ ५८ ॥
बतीस भांत्ति मंसयं। सु सादि सुद्ध अंसयं ॥
सुरंभ तीस कट्टयं। कपूर भार पट्टयं ॥ छं० ॥ ५९ ॥
जवादि केसरं सुरं। पलं सु सत्त अंतरं ॥
हजार तीन छूनयं। बतीस छाव दूनयं ॥ छं० ॥ ६० ॥
पँचास सत्त छप्पियं। कपूर पान डब्बियं ॥
जराव जेब सट्टयं। जैचंद पुत्ति पट्टयं ॥ छं० ॥ ६१ ॥

दासियों का रावल जी से संयोगिता की असीस और शिष्टाचार कहना।

दूहा ॥ सषी सकल उत्तरि चली। पंकति करि सब सथ्थ ॥
छच धन्यौ चित्तोर पति। आय षडी रहि तथ्थ ॥ छं० ॥ ६२ ॥
गाथा ॥ संजौगिता असीसं। सुक्कलियं राज चित्रकोटं ॥
अति सनमान जगीसं। आइयं भाग अम्हाई ॥ छं० ॥ ६३ ॥

रावलजी का सखियों का आदर करना और उनसे पृथ्वीराज का हाल चाल पूछना ।

दूहा ॥ आदर सषी अनंत किय । कहौ दिल्लियपति बत्त ॥
चार मास संजोगि ग्रह । [1]सुष विलसै नित ग्रत्त ॥ छं० ॥ ६४ ॥

सखियों का रावलजी को मितीवार सब बीतक सुनाना ।

कवित्त ॥ हाव भाव वग्गुरि विथार । विनय षुंटी अति ढुक्किय ॥
कुचतरिया दुहु पष्ष । मूल चष्ष हरती छुट्टिय ॥
[2]हांकी अहर सुरत्त । लियौ संभर पति घेरिय ॥
छुट्टे सब परिवार । कहै संभरि पति चेरिय ॥
संभलै बत्त रावर समर । है हथ्थी परिगह सुभर ॥
दरबार राज भय भीति दिषि । बहु [3]लिछी पतिसाह धर॥छं०॥६५॥
धर लीनी भेहरा । परचौ वंधह पम्मारह ॥
लूटि सहर लाहौर । गए द्रब कोरि अपारह ॥
दूह कीनी पुंडीर । हयौ सौदागिर धीरह ॥
बेरी चावंड राय । राउ भोंहा गँग तीरह ॥
माल दे मौति देवराज गय । हाहुलि फिरि नैठौ हियै ॥
जादवन सेन संभौ भिरै । दिल्लीसर मध्ये हुवै ॥ छं० ॥ ६६ ॥
जे विपरीतह देषि । हुए राजान समथ्थं ॥
जे गिरिवर न छिपंति । हुए धरपति सिर छत्तं ॥
जे डरि देते दंड । तेन फिरि दंड नगौरह ॥
वल्लोची बल राए । ढुरै सिर उप्पर चौंरह ॥
गोरी नरिंद दस लष्ष हय । संभरि पति सल्लै हियै ॥
पंचास दून दोबीस घटि । सो कनवज्ज झुझाइयै ॥ छं० ॥ ६७ ॥
हयौ बान कैमास । सूर कनवज्ज झुझाये ॥
चौ अग्गानिय सट्ठि । सट्ठ पंगानी ल्याये ॥
पतिकुल पिता संघारि । म्लेच्छ सुष हुऔ ततच्छिन ॥
मतै गयौ कैमास । सुहौ दिल्लिय धर रष्षन ॥

(१) मो.-सुख विलसत हुअ नित्त । (२) ए. कृ. को. कहा । (३) मो. लिच्छिय ।

दरबान नहीं सिर [1]लच्छियां। मरद भेष मिहरी रहै॥
सैतान भाग अवग्रह ग्रहै। धर गोरी छत्ती दहै॥ छं०॥ ६८॥
चावंड बेरी घांत्त। किति षोई रस लड्डौ॥
थट्टा पंगुर देस। साहि कोरी धर षड्डौ॥
रजनी ठग दिन ठग्ग। सुचित दुचिता संसारह॥
इह गोरी तन रत्त। ग्रही गोरी धर मारह॥
अवधूत धूत नागिनि डस्यौ। विष लग्गौ लोरें लवन॥
रहते सु अंसुं रघ्यौ नहीं। भई बत्त तीनो भुअन॥ छं०॥ ६९॥

उक्त समाचार सुनकर रावलजी का शोक प्रगट करना।

दूहा॥ सिर धुन्यौ रावर समर। दई सीष सब नारि॥
पानि कपूर सु हथ्थ दिय। कहि संजोग जुहार॥ छं०॥ ७०॥

पृथा का रानी इंछनी के साथ रहना और जैतराव का रावलजी की खातिरदारी करना।

प्रथा रनत इंछिनि महल। सुख विलास मिलि जोग॥
भ्रात चरित्तह दिष्षि सब। लग्यौ मन्न संयोग॥ छं०॥ ७१॥

कवित्त॥ जैतराय पम्मार। करिय मनुहार चिचपति॥
मधुर सुं मेवा अनत। मंस मिष्टान अजब भति॥
सौंधौ मन सैं पंच। साक पल्लव तैला अम॥
दही दूध अनपाह। घृत मन असी अनोपम॥
ऐराक बंस जोमेह जरे। भरी छाव बिधि बिधि भल्ली॥
पहुंचाय निगम रावर समर। हुई जैत अप्पन वल्ली॥
छं०॥ ७२॥

कुमार रेणसीजी का सब सामंतों सहित रावलजी के लिये गोठ रचना।

दाहिम्मै चावंड। करी मनुहारि सबन भर॥
एक पुरंगम अच्छ। फेरि सुह अग्गै रावर॥

(१) ए. कृ. को.-लट्ठिया।

बलिभद्रह कूरंभ। छून ऐसो अट्टारै॥
जर उजवक हय एक। ढिल्लि अंठनि गिरि डारै॥
रामदे राव षीची प्रसंग। जामानी जद्दव बल्लिय॥
पम्मार सिंघ इत्ते सुभर। इन सु गोठि छत्रपति कल्लिय॥
छं० ॥ ७३ ॥

दूहा ॥ [1]रेन कुंअर गोठह रचिय। विविधि भांति सब नूप॥
सुरंभ घृत सौंधो सघन। कीनौ जीमन भूप॥ छं० ॥ ७४ ॥

गुरुराम का रावलजी को आशीर्वाद देना और कविचंद का विरदावली पढ़ना।

पद्धरी ॥ सामंत सबन मनुहार कीन। प्रोहित्त राम आसीस दीन॥
हर सिद्ध दिस बरदान भट्ट। उच्चर्यौ चंद पेषे सुथट्ट॥
छं० ॥ ७५ ॥

दुह, पष्य चवर सिर धरिय छत्र। बरदाय देत आसीस तत्र॥
उट्ठयौ सिंघ बरदाइ देषि। बोलंत बिरद बहुविधि विसेषि॥
छं० ॥ ७६ ॥

चीतौररराइ काइम्म कीन। घुम्मान पाट पग अचल दीन॥
मेरगिरि सरि चित्तौर मानि। किरनाल तेज बढ्ढै घुमान॥
छं० ॥ ७७ ॥

जैचंद समह जिन जुद्ध कीन। मांनो कि गुरग [2]तनु मोर पीन॥
कलकियां राय केदारराय। कब देत बिरद मनु उमंग चाय॥
छं० ॥ ७८ ॥

पापियां राइ प्राग्वट समान। कप्पन दरिद्र करतार जान॥
हित्यार राइ कासी अभंग। मदुआन राइ गंगा उतंग॥
छं० ॥ ७९ ॥

सुरतान मलन बंधन समोष। हिंदून राइ टालंन दोष॥
उज्जेन राइ बंधन समथ्थ। आचार राइ [3]जुष्टरह वथ्थ॥
छं० ॥ ८० ॥

(१) मो.-रेनं कुवरं गोठ सुकरिय। (२) ए. कृ. को.-जनु। (३) मो.-युजिष्टरह।

भीमंग राइ भंजन सुषेत । जस लयौ धवल राजिंद जैत ॥
रिनथंभ राइ सिर दंड कीन । अब्बुआ राइ गड़ लेइ दीन ॥
छं० ॥ ८१ ॥

उथ्थाप राइ थापन समथ्थ । सोंपन सरीर प्रथिराज सथ्थ ॥
दष्पनी साहि भंजन अलग्ग । चंदेरि लिड़ि किय नाम जग्ग ॥
छं० ॥ ८२ ॥

दूहा ॥ जग ऊपर जगदीस गनि । म्रत्तलोक दिल्लेस ॥
कै तूं फनि चिचंग पति । आह इमो नरेस ॥ छं० ॥ ८३ * ॥

रनधीर को परास्त करने के लिये कवि का कंन्हा को भी बधाई देना ।

गाथा । कंन्हा दिया आसीसं । सध्धौ रनधीर षेत षै रंडै ॥
अट्ठा अट्ठावीसं । षग्गं तेजाय तेजरं तुट्ठं ॥ छं० ॥ ८४ ॥
असि गह महद्दर बारं । भारं सेसाइ सेस फनि इंदं ॥
विम्भूतं अनपारं । समवर करसार समर रावरयं ॥ छं० ॥ ८५ ॥

रावलजी का कविचंद से चंद्रवंश की उत्पत्ति पूछना और कवि का इला और बुध का इतिहास कहना ।

कवित्त ॥ रावर पुच्छिय समर । सोम रवि वंस प्रकारं ॥
बरनिं कहिय कविचंद । कथा मंडे बिसतारं ॥
एक समय बन षंड । सपतरिषि गये रमंते ॥
उमया शंकर तहां । देषि रसकेलि करंते ॥
लाजंत उअर मुनिवर फिरिय । श्राप दियौ सिव मन कुरषि ॥
ह्वजियौ संहित आवत इहां । मेंदी मोबिन अनि पुरष ॥ छं० ॥ ८६ ॥
मारतंड सुत मंड । जग्य मंडाय पुचकजि ॥
राजलोक परछन । देत आहुति सों कि दुज ॥
प्रगट कुंड कन्यका । देषि वाचिष्ठति वारं ॥
फेरि मंच तप जोर । करिय दसमन्न कुमारं ॥

* छं० ८३ मो. प्रति में नहीं है ।

षेलत सिकार इक दिवस वह। महादेव कौवन गयौ ॥
कहि चन्द आप मेटै कवन। पुरषा तन तें त्रिय भयौ ॥छं०॥८७॥
काम लुबद्धि बुद्धि। देषि त्रयि रुप छल्लि घर ॥
संभलि रिषि वाचिष्ट। बहुत करि अस्तुति शंकर ॥
प्रसंन होइ बर दियौ। पिता घर होय कुआंरं ॥
फिरि तिय की तिय होय। बुद्ध घर जाय जिवारं ॥
इक इक मास की अवधि करि। दुअसु पतंगा रष्षि इम॥छं०॥८८॥
बुध अंस चद्र बंसह भयौ। दस मन सूरज वंस क्रम।

रजपूत शब्द की उत्पत्ति।

दस हजार ग्रभवंत। रिषि त्रिय ढंकि धरची ॥
फरसराम कौ करत। वार इक वीर न षिची ॥
कासिप कौ ले दियौ। उदकि सारौ महि मंडल ॥
तपन तात पन छंडि। गयौ मन ग्रहै कमंडल ॥
वसुधा विचार तव कद्धि। निज रक्षा कारन थपिय ॥
उतपन्न सुतन तिन के सरज। दिष्षि नाम (१)रजपूज दिय॥
छं॥ ८९॥

रावल जी का कवि चन्द को दान देना ॥

मैदा मन पंचास। वीस मन वेसन दीनौ ॥
मंस जाति बहु भंति। जमुन तट भोजन कीनौ ॥
आटा घ्रत्त अप्पार। षंड गुर सक्कर भंती ॥
जै योषान जिहान। दई हथ्थनी इक तत्ती ॥
मनुहारि परग्गह सवन करि। भांति भांति आदर करिय ॥
पहुंचाइ समर रावर सुबर। अप्प घरघर विथ्थ,रिय ॥छं०॥९०॥
दो हथ्थिय तरिवार। तुरिय एराक अच्च गल ॥
कंचन जरित पलान। एक जोजन मभ्भ्फ पल ॥
हथ्थी संघल दीप। एक जमदट्ट अमोलं ॥
जर जर कसि सिर पाव। साज सात्कत्ति समोलं ॥

(१) ए.-को.-रजपूत।

पहुचाय चंद भट्टह सुबर। कीरति कलिजुग बिस्तरिय ॥
चिचकोट राव दीनौ इतौ। रही कलिज्जुग [1]वत्तरिय ॥छं०॥९१॥

बनवीर का कवि को एक हथनी और दो मुंदरी देना।

दूहा ॥ बनबीरह परिहार दिय। हथिनी एक सुरंग ॥
मोती माला संघन जल। द्वै मुंदरी सुचंग ॥ छं० ॥ ९२ ॥

रावलजी का शंक्रांति पर गुरुराम को एक गांव देना।

सूरजि भई संक्राति जब। प्रोहित दीनौ राम ॥
लष्षह्न न किसनारपन। दिय कारुंडौ ग्राम ॥ छं० ॥ ९३ ॥
गाथा॥ दिन प्रति दीजै दानं। सठंह्न नाय षरचयं कज्जं ॥
दोय पहर मिलि यट्टं। गह मई दरबार भट्ट चारनयं ॥
छं० ॥ ९४ ॥
इह रावर उनमानं। भानं उग्गाइ दिज्जियै दानं ॥
दिन प्रति दीजै धानं। इह दिट्टं न कथयं कब्बी ॥ छं० ॥ ९५ ॥
दूहा ॥ [2]भुंजाई रावर समर। आवै बरन अठार ॥
नह को पूछै अप्प पर। दिज्जै अन्न अपार ॥ छं० ॥ ९६ ॥

रावलजी का इक्कीस दिन निगमबोध स्थान पर बास करना।

निगमबोध रिध बासकिय। रावर समर नरिंद ॥
हुए द्योस इकईस तहां। पंच सहस भर हंद ॥ छं० ॥ ९७ ॥

पृथा का महलों से रावलजी के डेरों पर आना।

दिवस चपथ्थै रौव रह। आवै प्रथा इकंत ॥
वासुर दोइ वासै रहै। परी भ्रान्त मन चिंति ॥छं० ॥ ९८ ॥
अति सुख सकुंल बरस तिय। रित रितिए आचार ॥
बिलसत दिन ग्रीषम अधर। सुपनौ राजन वार ॥ छं० ॥ ९९ ॥

पृथ्वीराज का स्वप्न में एक सुंदरी को देखना।

कवित्त ॥ निसा एक माधव सु मास। ग्रीषम रिति आगम ॥
निसा जाम पच्छलौ। सुपन राजा [3]लहि जागम ॥

(१) ए. कृ. को.-विस्तरिय। (२) ए. कृ. को.-भोजाई। (३) ए. कृ. को-माहि।

सेत चीर छौनी । पवित्र आभ्रंन अलंकिय ॥
मुंकत बंध चाटंक । बंध बेनी अवलंकिय ।
निज बैरि धारि कज्जल नयन । हर हराह सहह करिय ॥
मानिक राइ वंसह विषम । रष्षि रष्षि धरनी धरिय ॥ छं० ॥ १०० ॥

राजा का पूछना कि तू क्या चाहती है। सुन्दरी का उत्तर देना कि "वीर पुरुष" ॥

साटक ॥ का तूं सुंदरि हुंधरा किमहिता इच्छा परा वांछिता ॥
को वांछा बर राज कोवर रुची दाताग्य रूपानिवा ॥
नं नं नं न्नप ज्ञान दानरुचयं रूपं न विद्यी त्रयं ॥
षड गंधार सुमार दुत्तर अरी सो मे वरं सुंदरं ॥ छं० ॥ १०१ ॥
दूहा ॥ इम वसुधा सुपनंत दिय । रजगति रजन विचार ॥
विलसत दिन ग्रीषम अरध । सुधपिय पंग कुआरि ॥ छं० ॥ १०२ ॥
रष्षि रष्षि उच्चार बर । गति सिंघल अतिरूप ॥
सुपनंतर चहुआन सों । चलन कहत इल भूप ॥ छं० ॥ १०३ ॥

उसी समय पृथ्वीराज की नींद खुलना और देखना कि प्रभात हो गया है।

धरकि चित्त जोगिनि न्नपति । दिषि प्रभात दुति गानं ॥
भान किरन दिसि दिसि फटी । तम घटि तमचर गान ॥
छं० ॥ १०४ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता को स्वप्न का हाल सुनाना।

कवित्त ॥ जग्गि जलनि प्रथिराज । जग्गि संजोग सुपनि कहि ॥
सो सपनंतर जंपि । पत्ति दिट्ठी जु रत्ति महि ॥
सेत वस्त्र उत्तंग । चित्त हरनी कुटिला गति ॥
बैसम गुन गुर दुत्ति । दुत्ति उजलंत कुटीरति ॥
ऊंचै बचन्न बर कठिनइ । घन कुलटा गति चलन कहि ॥
सब भविस गत्ति न्निम्मान कहि । नन जानै भव गतिय बहि ॥
छं० ॥ १०५ ॥

(१) मो.-ढरिय ।

संयोगिता का उत्तर देना कि यह सब हुआ ही करता है।

सुनि सुकंत धरइंद । जोय दिष्षौ जुग्गिनि गति ॥
पुत्त मित्त दारा न बंध । रोकन पितुरनि पति ॥
दिष्टमान रोकै प्रमान । चष्षि अंछनि लष्षि कुछी[1] ॥
भोग बिना बंधि जगत । भम्मवय जग चय तुछी ॥
मायाति नट्ट संसारनिय । न्त्रिप नच्चवि मुक्के जगत ॥
जीवन्न प्रान प्रापति जबसु । तब लग इह भांवी बिगति ॥
छं० ॥ १०६ ॥

पुनः दंपति का केलिक्रीडा में प्रवृत्त होना।

मुरिल्ल ॥ हंसि आलिंगन दै चहुआनं । पिय मयूष दंपति रसपानं ॥
सुरत सुरत मंनं बर मत्तं । करहि सार संसार सुरत्तं ॥ छं० ॥ १०७ ॥

रसकेलि वर्णन।

हनुफाल ॥ बर सुरत रत्त सुचंद । दुहुं बढे आनंद कंद ॥
इह बुल्लि रसमुष बाल । बर कहत ओपम साल ॥ छं० ॥ १०८ ॥
ससिभोम कट्ठी रीस । मनु उदित भय ससि सीस ॥
मुषश्वेद विंद विराज । कविराज ओपम साज ॥ छं० ॥ १०९ ॥
कै किरन उलससि कुट्टि । कै ठौर मनमथ छुट्टि ॥
कसि कासमीर बिबंध । बर अग्र आठ सुचंद ॥ छं० ॥ ११० ॥
बर चिंत उपम बिसाल । उडि चलन मंगल बाल ॥
कुच अग्र स्रग मद विंद । रस बढे आनंद कंद ॥ छं० ॥ १११ ॥
[2]मुकि कमल वैससि बाल । अलि लै उडी जनु बाल ॥
कुच छुट्टि छुट्टि सुमग्ग । कुसमेष सीष बिलग्ग ॥ छं० ॥ ११२ ॥
दुति होत कबिन झकोर । बग उड़ै घन जनु कोर ॥
प्रिय मेन नैन सुरत्त । तिन मझिक बाल सुगत्त ॥ छं० ॥ ११३ ॥
प्रति ब्यंब ओपम मीय । जनु सीय से हसि दीय ॥
रति निद्व रतिबर बीर । रति रयन रयन समीर ॥ छं० ॥ ११४ ॥

(१) मो.-कुछ, तुछ ।
(२) ए कृ० को०—मुकि कमल बैस बिसाल

अरिल्ल ॥ अवसर प्रीति बढ़ी रसपानं। कहि वर दूत सुनी सुलतानं ॥
सुनि बर गोरिय साहि नरिंदं। भईय गत्ति ढिल्लिय छिन मंदं ॥
छं० ॥ ११५ ॥

पृथ्वीराज की इस दशा का समाचार पाकर शहाबुद्दीन का अपने सरदारों से सलाह करना।

दूहा ॥ मति छीनी ढिल्लिय तनी। सुनिय साहि चहुआन॥
दाव न चुक्कै अप्पनौ। दुज्जन सौति उरगान॥ छं० ॥ ११६ ॥

कवित्त ॥ बोलि षान पुरसान। बोलि गोरि ततार बर ॥
षां रुस्तम षीरोज। सेन ढिल्ली चरिच वर।
बार बेर गहि मुक्कि। दीन में दीन कहायौ ॥
चहुआना जुरि नीर। मन्न मंती गह छायौ ॥
जौ होइ गोर गोरी यहां। तौ तोसल नन भग्गही ॥
चहुआन बंधे बंधन जुरां। सो दिन पंथ तु लग्गही ॥
॥ छं० ॥ ११७ ॥

यह सलाह पक्की होना कि दिल्ली को दूत भेजकर पूरा हाल जान लिया जाय तब चढाई की तैयारी की जाय।

सुमति सुरत्ती साहि। धाइ बंध्यौ चहुआनं ॥
सोई मता किज्जियै। बोल पंछै नत आनं ॥
सुभम निभम बीर। बोलि विभम परिवानं ॥
फेर मुकति सुलतान। जहां ढिल्ली परधानं ॥
तत मत्त बत्त बर संग्रहै। अरु हिरदै भेदै छिनह ॥
इन कहै साहि चतुरंग सजि। तब अरि ग्रहन विचार कह ॥
छं० ॥ ११८ ॥

शहाबुद्दीन का दिल्ली को गुप्त चर भेजना।

तब सु साहि गज्जनै। दूत ढिल्लीय पठाए ॥

जु कछु तंत को मंत। [1]अंत कहि कहि समुझाए ॥
लै आवहु जंगल नरेस। षब्बरि सब सुद्धिय ॥
राज काज चहुआन। सकल सामंत सुबुद्धिय ॥
फुरमान साहि सिर धरि लियौ। भेष कियौ सोफी तिनह ॥
उभै पष्य क्रम पंथह चलै। कागर काइथ [2]कर दिनह ॥ छं०॥११९॥

दुत की व्याख्या।

दूहा ॥ साम दान अरु भेद दंड। ए च्यारौं बिधि आइ ॥
जान पनै सोइ दुतं कहि। काम करै सुषदाइ ॥ छं० ॥ १२० ॥

दूतों का दिल्ली पहुँच कर धर्मायन के द्वारा सब भेद लेना।

गाथा ॥ चर वर विवरितं सुद्धं। लिद्धं चहुआन राजधानीयं ॥
सह दूतं पंथानं। गोरीयं जथ्य जानामि ॥छं० ॥ १२१ ॥

बचनिका ॥ ध्रम्माइन कायथ पै षबरि पाए। तबहिं दुत गज्जन को आए ॥
तिहि दिन सुरतान आराम करि आनि षरे रहै। ततार षां सो बातैं कहै॥
बहुत रोज कहु और न आई। कछु दिल्ली की षबरि न पाई ॥
तब तत्तार षान कहत है। पातिसाह कछु बात षूब है ॥

बहुत दिनों तक दूतों के वापिस न आने पर शाह का चिंता करना।

मुरिल्ल ॥ चर चर चित्त चहुआनं। हाम बित्ति ढिल्लीय चहुआनं ॥
बुल्लि साहि ततार बुलाई। अजहूं दूत गज्जन न आई ॥
छं० ॥ १२२ ॥

तत्तार खां का उत्तर देना कि दूत के लिये देर होना ही शुभसूचक है।

श्लोकं ॥ चिरं जोगीश सिद्धं। चिरं बंध प्रधानकं ॥
चिरं सेवक साधर्मं। चिरं दूतस्य लक्षणं ॥ छं० ॥ १२३ ॥

(१) ए. कृ. को.—कंत। (२) ए. कृ. को-दिन करह।

चिरं तपो फलं दाता । चिरं राज फलं प्रभो ॥
चिरं नाम धनी दाता । चिरं दूतस्य लक्षणं ॥ छं० ॥ १२४ ॥

दूहा ॥ इन लच्छिन तसकर सुलभ । तस पर दूत वसीठ ॥
रति दृग हंदग कुसल भल । कर वंधेन घसीट ॥ छं० ॥१२५॥

नीति राव कुटवार का सब समाचार शाह को लिख भेजना।

नीति राव कुटवार दर । तहि निवसै उन रीति ॥
सुमिलि साहि कागद दियै । लिषि दरबारह नीति ॥छं०॥१२६॥

प्रथम दूत का दिल्ली का समाचार कहना।

ए गरुहां सुरतान सों । कहि षिन षान ततार ॥
प्रथम पहुर संभ्रम सुचर[1] । दर बोल्यो कुटवार ॥छं०॥ १२७ ॥

वचनिका ॥ प्रथम पहर बह्या, संभ्रम दूत आप षड़ा रह्या ।
सलाम लह्या, दिल्ली के चरित्र कह्या ॥
पातिसाह पहिलों सैं तान बड़े, राजा हुआ रति चढ़े ॥
छं० ॥ १२८ ॥

गाथा ॥ वैरी दं सुलतानं । दुसमन दैवान महलह थानं ॥
भर सहरत्त विरत्ता । आघातं गोरियं साहिं ॥ छं० ॥ १२९ ॥

कवित्त ॥ एक समै हम्मीर राइ । दरबार सपन्नौ ॥
पिथ्थौरा चहुआन । हथ्थ संजोगि बिकन्नौ ॥
नथ्थि बाज गजराज । सुनर भेषह बर नारिय ॥
मार मार उच्चार । लहरि लक्करि सिर रारिय ॥
हाइ हाय दिसि सब्बें[2] हुअ । धुअ समान सुभ्भर धुरह ॥
हरि द्रुग्ग द्रुग्ग सुष उच्चरिय । जिन दरोग गंठे डरह ॥छं०॥१३० ॥

दूहा ॥ इह चरित्त पिष्षै सुचर[3] । लग्गे गज्जन राह ॥
नाम सुसंभ्रम सुभग ते । कही सहि सों जाह ॥ छं० ॥ १३१ ॥

(१) मो.-वर ।
(२) ए. कृ. को.-हुअ सब्ब । (३) ए. कृ. को.-दंषे बिचर ।

भर अबंध अछिय महल। रति बढ़ि घटि महिसार॥
विप्परीति दिल्लिय सहर। न्रपति अलुभ्यौ मार[1]॥ छं० ।१३२॥

दूसरे दूत का समाचार।

बचनिका॥ दूजा पहर वह्या। विश्रम दूत आय परा रह्या॥
सलाम लह्या। दिल्ली का चरित्र कह्या॥ ते कहा चरित्र॥

गाथा॥ भग्गीवा सुर संधी। बंधे पेमाइ लज्जलो पानां॥
अप्पा पर न गंनिज्जै। जानिज्जै राज भंजाई[2]॥
॥ छं० ॥ १३३॥

कवित्त॥ जां निज्जै सुविहान। राज भज्जै राजानौं॥
दर है गै भर नथ्थ। तेज भग्गौ चहुआनी॥
वासर संधि विसंधि। नीति भग्गी ढिल्ली वै॥
जानिज्जै सु बिहान। होइ हिंदवान सुहै वै॥
लज भगौ प्रेम बढ्ढ बरह। दइ दुज्जन महलैं ग्रसै॥
चहुआन चरन सेवन सुबर। नीति राव अप्पन बसै॥
छं० ॥ १३४॥

तीसरे दूत का समाचार।

बचनिका॥ तीजा पहर वह्या। निश्रम दूत आय परा रह्या॥
सल्लाम लह्या॥ दिल्ली का चरित्र कह्या। ते केहा चरित्र॥

गाथा॥ हिन्दू सयन सुदुष्षं। सुष्षं सांहाबं गोरियं साहिं॥
राजन विषम चरित्रं। सामंता रोजनं रोज॥
छं० ॥ १३५॥

कवित्त॥ रोज रोज सु बिहान। घेर सामंत ग्रेह घन।
सामि बिंद उच्चरै। सामि निन्दा न सुनै कन॥
भर अरत्त साईं। विरत्त गोरी सुलतानं॥
संझ रूप रंजोगि। गिलयौ चहुआन सुभानं॥
विपरीति बत्त ढिल्लिय सहर। राज नीति भग्गी रसं॥

(१) मो.-उलझ्यौ नार। (२) ए. कृ. को. भज्जाई।

पंजाब पंच पंचै सुपथ। चिंति तप्प गोरी बसं॥
छं०॥ १३६॥

चौथे दूत का समाचार।

बचनिका॥ चौथा पहर बह्या। विलास दूत आइ षरा रह्या॥
सलाम कह्या। ढिल्ली का चरिच कह्या॥ ते केहा चरिच॥
गाथा॥ गाडंडूर उडंडा। जोरु गरुवार मरद हरु अंदा॥
धुनि धुनि सह सामंता। चावंड बेरियं बधे॥ छं० ॥१३७॥
दूहा॥ चिया राज बसिवौ नही। बसिवौ नह बहुराज॥
बालराज बसिवौ नही। कहै घर घघर आज॥ छं॥ १३८॥
कवित्त॥ जिन कंधै ढिल्ली नरेस। कंध जिनके ढिल्लिय पुर॥
जिन कंधै लगि राज। अग्ग अब्बुझ बहुन धर॥
मान तुंग बर अग्ग। भिरिग कनवज्ज जुझार॥
चौंसट्टिन मुक्कि कै। भागि जोगिनि पुर आए॥
चहुआन सुबर जानै न्नपति। सो बल भग्गौ साहि सुनि॥
चादर सु अप्पि गोरी सुबर। पंच देस पंजाब धुनि॥छं०॥ १३९॥

शाह का पीर को चादर चढाकर दुआ मांगना।

बचनिका॥ जमा सुविहानं। शाहब दी सुलतान॥
पैगंबर परवर दिगार। इलाह करीम कवार॥
सुलतान जलाल सिकंदर जाया। सुलतान साहिबदीन अलह उपाया॥
मुसलमान महति। दीन भीमहति॥
इतनी कही कहन लागे। पातिसाह साहाबदीन आगे॥
अपर पराये टरे। सैतान परवरे॥
सानंत मन जरे। चावंड राइ भी वेरी यौं भरै॥
कूरंम कुल संकोड़ा। परिगह पास छोड़ा॥
गांमार परि गनाई। हाहुलि परिहांम जनाई॥
राउ जैतसी पास भेहरा छुट्टा। पुंडीरों लाहौर लुट्टा॥
राउ भोंहा दुनिया मुक्की। राउ माल दे मौत चुकी॥

देव राव दीवान छंडया। जादवौं वैर मंडया ॥
षलक आलम आलोई। जीवतै चहुआन वोई ॥
दसौंही दीसा जीती। कनवज्जैं कहर वीती ॥
हजरत षुदाइ षेल। असि मरदांन मेल ॥
बरन बरन घेरी। बद्दलौं पंति नेरी ॥
धु आसाहि साहाब साहि। दिजियै चादर उचाय ॥

शहाबुद्दीन का चढ़ाई के लिये देश देश को परवाने या पत्र भेजना।

दूहा ॥ चर चर बत्तति सिद्ध किय। झुकि किय घांव निसान ॥
सत्त सहस कग्गर फटे। देस देस सुरतान ॥ छं० ॥ १४० ॥
वचनिका॥इतने मुलकन कौं फुरमान फाट्टे। नीवी मदा ठौर ठौर बैठक ठट्टे
फुरमान पेस कदलिवास। कैलास देस रोह षंधार ॥
गष्षर गिरवान षुरासान मुलतान। भटनैर भष्षरवान ॥

शहाबुद्दीन के चढ़ाई करने का समांचार दिल्ली में पहुंचना और प्रजा बर्ग का अत्यंत व्याकुल होना।

दुहा ॥ फुट्टिय वत्त प्रचार चर। घर घर ढिल्लिय थान ॥
चढ्यौ साहि चहुआन पर। चढ़ि हय गय असमान ॥छं०॥१४१॥
वढि आवत ढिल्ली सहर। चढ्यौ साहि सुरतान ॥
घर अंगन मंगल हरिग। सुनत सूर अकुलान ॥ छं० ॥ १४२ ॥
ग्रह बंभन ग्रहवान नर। ग्रह छची छह हन्न ॥
भई बाति नर नारि मुष। सब लग्गै सन सन्न ॥ छं० ॥ १४३ ॥
कवित्त ॥ सुक्रम साहि बानौत। आय गज्जन संपत्ते ॥
तिन कग्गर हयवार। आइ उत्ते इत तत्ते ॥
सेत दुती रविवार। बार गुरु तेरह तत्ते।
चढ्यौ साहि साहाब। जोध है गै सनि मत्ते ॥
जिन करहु ग्रब्ब गोरी सुपहु। जानि पुरानौ सेन सह ॥
सज्जयौं सूर साहाब पुर। आयौ आतुर उप्परह ॥ छं० ॥ १४४ ॥

मुरिल्ल ॥ सुनि कग्गर दुज्जर दिल्ली धर । भूमि कंप जिम कंप नर व्वर' ॥
बाल वृद्ध नर नारि समानह । लगी धक्कधकी चिंत चिंतानह ॥
छं० ॥ १४५ ॥

प्रजा के महाजनों का मिलकर नगर सेठ के यहां जाना ।

भै लग्गी दिल्लिय पुर जामह । नगर सेठ पंहिंगय प्रजतामह ॥
मिलिय सकल एकंत महाजन । किम बुझ्झैं रतिवंती राजन ॥
॥ छं० ॥ १४६ ॥

नगरसेठ श्रीमंत के यहां जुडने वाले सब महाजनों के नाम ग्राम और उनकी धन पात्रता वर्णन ।

पद्धरी ॥ प्रज मिलिय ताम विचार कीन । बुल्लाय बुद्धि'जन सेठ लीन ॥
श्रीवंत साह सब नयर सेठ । मति वंत बुद्धि गुर गुन निदेठि ॥
छं० ॥ १४७ ॥
बर सिंह साह हंकारि अप्प । भोगवै विभौ लच्छी सु तप्प ॥
श्रीधर सुनाम सुंदरह दास । श्री करन जसोधर संक्क तास ॥
॥ छं० ॥ १४८ ॥
सोमन्न साहि केलन्न साहि । धन सागर आगर सगर ताह ॥
सोवन्न साह साजन्न बोलि । गरुअत्त गाज सुभ तेज तोलि ॥
॥ छं० ॥ १४९ ॥
अमरसी अगर ईसरह दास । करमसी उदैसिंघ राम आस ॥
केसर कपूर षेतसी नाम' । गैंनपति गनेस गौरसी स्याम ॥
॥ छं० ॥ १५० ॥
घड़सीह धनू नेतसी साह । चेतन्न चतुरभुज मिले माह ॥
छाजू अरु छीतर छविल आइ । जोधा जैसिंघ झांझन बुलाइ ॥
॥ छं० ॥ १५१ ॥
टोडर मल टी लाठ कुरसीह । चलि गए सांप डरपंत लीह ॥
डुंगर सी ढाला तुरत बेग । व्यापार धरम चालै सुनेग ॥
॥ छं० ॥ १५२ ॥

(१) मो.—नरव्वर ।

थानि गथ्थिरा दामा दयाल। धनराज धींग भोगी भुआल ॥
परवत्त पदारथ पदमसींह। फांदूरु फलाबर सिंघ ईस ॥
॥ छं० ॥ १५३ ॥
भांमो अरु भोजो मेघराज। मोहन मयूरो जा बड़ बिराज ॥
रनधीर लषमसी बीर दास। सेषो सिंघौ हेमंग हास ॥
॥ छं० ॥ १५४ ॥
आये अनेक महाजन्न सब्ब। संकरहदास पचौ सुग्रब्ब ॥
बहु ध्रम्म धरनं अति तप्पतार। अति उंच उंच क्रति क्रम्मकार ॥
छं० ॥ १५५ ॥
नन लहैं घाम छाया प्रचार। कोमलह गात लच्छी न पार ॥
बोलंत सास चालंत थूल। अति बध्धौ उदर चढि ग्रीव मूल ॥
छं० ॥ १५६ ॥
पहिरंत वस्त्र ढीले सु उंच। ग्रिह-दै कपाट मुररंत मुंछ ॥
लेषिनी कान लेषौ करंत। हरि ब्रह्म रूप ताहू छरंत ॥छं०॥१५७॥
ग्राहंत कोप भीरंत मुट्ट। पीसंत दसन उट्टंत निट्ट ॥
दाता दयाल ऐसो न और। बरजंत पाप क्रम ठौर ठौर ॥
छं० ॥ १५८ ॥
प्रब दांन ग्यान तीरथ विनान। सोभंत साह दै अन्न पान ॥
सोभंत नगर जिहि बड़े साहि। लष कोट द्रव्य जिन हट्ट माह ॥
छं० ॥ १५९ ॥
ए मिले साह श्रीवंत ग्रेह। आये सु चिंतातुर चिंति तेह ॥
सुत सुतिय क्रम्म परिवार व्रिद्ध। घरबार भरे भंडार निद्धि ॥
छं० ॥ १६० ॥
कोटीस धुज्ज बंदहि अनेक। बर धवल ताम मंडो विवेक ॥
उंच उंच भोमि साजै विलास। बर गौष अनत लग भाल भास ॥
छं० ॥१६१ ॥
प्रज्जंक विवध साजे अनूप। बासंसि विवह गुन गंठि भूप ॥
आए सुसब्ब ग्रह नयर साह। आसन्न दिड्ड सम मन्नि ठाह ॥
छं० ॥ १६२ ॥

श्रीमंत साह का सब सेठ महाजनों का आदर सत्कार करना और सब महाजनों का अपनी विपति कथा सुनाना।

दूहा ॥ मानि साह श्रीवंत घन। सब प्रति आदर दीन ॥
अप्पनाम गुन उद्धरिय। सब संबोधन कीन ॥ छं० ॥ १६३ ॥
प्रथुक संबोधित साहि सब। चंदन चरचि कुसम्म ॥
कस्तूरी करपूर युत। बीर सुगंध सुरम्म ॥ छं० ॥ १६४ ॥
आदर करि सब प्रंज पसरि। दिय बैठन सुभ ठाह ॥
मति प्रमान जिहि पुच्छियै[1] बोलि सुगुझ्झ गुराह ॥ छं० ॥ १६५ ॥

कवित्त ॥ मंच बयट्ठे साहि। जिके बहु गुन आगर ॥
सुष सरूप भोग बन। सजल लच्छी बुधि सागर ॥
सुतन मंत चिंतवै। चित चिंतै न कोइ नर ॥
रतिमत्तौ राजान को। सुगुदरै दुष अन्दर ॥
सामंत सब्ब अच्छै विरत। राचा वंड बेरिय भर्यौ ॥
कैमास स्वग्ग[1] जातह सकल। सुवर मत्त[2] सथ्यह सह्यौ ॥
छं० ॥ १६६ ॥

यामारी पर चित्त। विरत किन्नौ चहुआनह ॥
जो बुझ्झै सम विषम। ग्यान अप्पनौ परानह ॥
मधू साह परधान। सोय दरबार न दिष्षहि ॥
रयन कुमर सामंत। सोंह सोइ पित न परष्षहि ॥
अनि तरुनि नेह छंड्यौ तमकि। कोइ न सुधि न्रप वर कहै ॥
संजोगि नेह रत्तौ नपति। मनमत्तौ निस दिन रहै ॥
छं० ॥ १६७ ॥

पुचिय रा कमधज्ज। सोइ जुब्बन गुन मत्ती ॥
रूप द्रव्य सिंगार। नेह उर चौजन रत्ती ॥
नह बुझ्झै पर अप्प। तैन रस राजन बंध्यौ ॥

(१) ए. को.-सुर्ग (२) ए. कृ. को.- तत्त

जिम अलियज अंबुजहि । गई बासुर निसि संध्यौ ॥
चिचंग राह आयौ सु घर । भये बीस बासुर सुथह ॥
नन भई बुझ्झि राजन किनो । तौ को गुदरै अप्प कह ॥
छं० ॥ १६८ ॥

श्रीपति साह का सब साहुकारों को लिवाकर गुरुराम के घर जाना।

भुजंगी ॥ तबै उच्चर्‍यौ साह श्रीपत्ति तामं । सबै मंच मंडौ जुषंडौ विरामं ॥
भए सब्ब साम्मंत चित्तं विरत्तं । दरं तेन तज्यौ न्त्रिपं मन्नि मत्तं[1] ॥
छं० ॥ १६९ ॥

पुरष्पं[2] दरब्बार पावै न जानं । रहैं चीय रुक्कै पुरुष्पं पुरानं ॥
विरानंनं[3] अप्पंन बुझ्झै न सायं । करं बेत लट्ठी तरस्सीत रायं ॥
छं० ॥ १७० ॥

न्त्रिपं रस्स बंधे सुपंगांनि तासं । भए तीस अग्गं बरं पंच मासं ॥
निसा बासुरं संधि भूल्यौ नियानं । लगे मीनकेतं क्रतं पंच बानं ॥
छं० ॥ १७१ ॥

कहै कोय राजंग सुझ्झै न अप्पं । ग्रिहं राज चल्यौ गुरं राजबिप्पं ॥
लहै भंति एकंत कुम्मार थानं । बिना सेव देवन्न आहार पानं ॥
छं० ॥ १७२ ॥

पुछै बैरि बर बीर चामंड धारं । करै कानि भानेज रेनं कुमारं ॥
घरं घालि बरदाय सूतो सुअप्पं । करै कित्ति आनूप प्रागट्ट तप्पं ॥
छं० ॥ १७३ ॥

कहै गुद्दरं अन्य सूझै न राजं । बिना राम देवं जिनं दिल्लि लाजं[4] ॥
मतों मंडि उट्ठै सबै साहि तामं । चली प्रज्ज सथ्थैं ग्रिहं विप्प रामं ॥
छं० ॥ १७४ ॥

(१) ए. कृ. को. मत्त (२) ए.-गुरषं
(३) मो.-विरामन्ना (४) ए. कृ. को.-काजं

चढ़ै जान एकं सुएकं अनोपं। नरं जान जानं चवं डोल जोपं॥
बहिल्लं सु अस्वं सजुत्ते बनेयं। केयं अश्व रोहै सुषं राह रेयं॥
छं०॥ १७५॥
बसनं अनूपं जराबं सुधारें। मनों ध्रंम रूपं धरत्त्रीव तारै॥
चली प्रज्ज सथ्यंग हंकार सद्दं। गए विप्र गेहं गहं माह नद्दं॥
छं०॥ १७६॥

गुरु राम का सब सेठ साहूकारों से सादर मिलना।

दूहा॥ सुने गहं मह विप्र दर। आयौ उट्टे ताह॥
तब दर पति सनमुष कहिय। आये श्रीपति साह॥ छं०॥ १७७॥
प्रजा पलक सथ उम्महौ। जे बड़ दिल्ली साहँ॥
सो आये दरबार तुम। कोइ इक काज उगाह॥छं०॥ १७८॥
आए आतुर राज गुर। करिय विवह मह्मान॥
आदर करि आसन्न दिय। संबोधें बर बानि॥ छं०॥ १७९॥

श्रीमंत सेठ का गुरु राम से शाह की चढ़ाई का समाचार कह कर सारा दुःख रोना।

कवित्त। सुनि अवाज सुरतान। पलक भज्जिय नद मंडल॥
कर कुसाव भेहरा। दान अरु मान अषंडल॥
मिलि परवान पुंडीर। सहर लुथ्थौ द्रब साइय॥
हनि सोदागिरि बानि। बनिज उन्नित पट पाइय॥
अग्यान लुपै अग्या न्रपति। सत संपति संभर धनी॥
गुर राज काज अवसर अवसि। प्रज पुकार मंडिय घनी॥
छं०॥ १८०॥

दूहा॥ तुम सम राजन राज हित। बित रष्षन चित भ्रम्म॥
कानन मंडै करन सों। तू धर रष्षन ध्रम्म॥ छं०॥ १८१॥
कवित्त॥ मंद राज माल दे। देष चिय तन असि किन भौ॥
लोहानौ आजानबाह। अजमेर द्रुग्ग गौ॥
पावस रा पट्टनी। महि महि सार निरत्तौ[1]॥

(१) ए.-नारंनौ, नारतौ

जर जोवन तन मंद। तुंग तेजी रन असुभौ॥
दाहिम्म दोह बंछै विषम। चरन बीर बेरी बहन॥
घर घालि भट्ट सूतौ घरह। सुबर विप्र तोही कहन॥
छं० ॥ १८२॥

का कलहंतरि मारि। धारि आनी घर मभ्झै॥
रवि सुंमान प्रथिराज। गिल्यौ गोरी जिम संझै॥
जिहि परिगह परिवार। मारि भारत उप्पारिय॥
जिम रावन मंडलिय। बलिय बन्दर हरि बारिय॥
इच्छहु जो विप्र पच्छहि मरन। तौं अग्गै सोइ कहौ॥
कर दरभ कमंडल छाग स्रग। बादरि द्रुग मारग गहौ॥
छं० ॥ १८३॥

पाहुंनौ रावर नरिंद। बर प्रथा सपत्तौ॥
सोइ अचिज्ज गरुहां। सुनंत मन संभ्रह संतौ॥
ता सज्जन दी लज्ज। बज्र गोरी धर चंपिय॥
नद नाहर पट्टन। प्रवेस अवनी आकंपिय॥
इम सुषम निंद आवै न्रपति। विषम अप्प डंकह डसिय॥
गुर राज काज अवसर वसिय। किम सुनेह छंडै रसिय॥
छं० ॥ १८४॥

राजहीं कूरम्म। हथ्थ लड्डू बिय बंधे॥
चौहुआन सुरतान। कूर काबरि इक्क बंधे॥
देव राज षीची प्रसंग। गंग टट्टं पट फुट्टिय॥
जैत राव हय गय। भंडार साहन सह लुट्टिय॥
गुज्जर गमार सरुचह वली। मंत दैव द्रुग्गन गनै॥
बर विप्र राज राजंग गुर। कहै आज तोही वनै॥ छं० ॥ १८५॥

गुरु राम का कहना कि मैं तो ब्राह्मण हूं पोथी पाठ जानता हूं राज काज की बातें क्या जानू।

प्रोहित वाक्य।

हम सु कज्ज प्रब पंच। पढ़ै पचा प्रभु रंजहि॥

हम जु लच्छि आस रहि। चरन चंदन घसि बंदहि॥
हम सुदेव जग्योपवीत। सोहै तन मंडन॥
हम विरद बंदि न पढ़त। पापह पर षंडन॥
इहं विकट भट्ट चंदहि चरित। कहै सुमानै न्रप नवल॥
परतष्षि द्रुग्ग पुच्छन चलौ। मंच घत्त सत्रह सवल॥
छं०॥ १८६॥

शाह का कहना कि राज गुरु होकर अब आप भी ऐसा कहते हैं तो हम किसके होकर रहें।

प्रजा वाक्य।

धर बाहर पंडवन बुद्धि। बंधवन रुधि छुट्टियं॥
धर बाहर वामंन। छलित्त बल दोष सुथट्टिय॥
धर बाहर जुरि जरासिंध। गुर गजा जुद्ध किय॥
धर बाहर सुर पत्ति। अस्ति दद्धीच मंगि लिय॥
जिहि जियत धरनि धर और प्रभु। तिहि जननी जुब्बन हरिय॥
बंभन सुकज्ज इह अज्ज तुम। प्रज पुक्कार मंडी करिय॥
छं०॥ १८७॥

गुरु राम का श्रीपत साह और सब महाजनों सहित कविचन्द के घर जाना।

